19/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने गत बूधवार को थाईलैंड के चियांग माई विश्वविद्यालय में 15वें विश्व बांस दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अपने संबोधन में श्री मेन ने कहा कि बांस को अक्सर "Poor Man's Timber" कहा जाता है, यह स्थायी विकल्प प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बांस अरुणाचल प्रदेश के लोगों से अविभाज्य है और यह पूर्वोत्तर के लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में एक अभिन्न भूमिका निभाता है, जहाँ इसका उपयोग पारंपरिक औजारों, टोकरियों और त्योहारों की सजावट में किया जाता है। उन्होंने कृषि-गैस (2जी बायो सीएनजी) और इथेनॉल के उत्पादन का हवाला देते हुए क्षेत्र में बांस के अभिनव उपयोग पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री ने वाणिज्यिक खेती को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर बांस उत्पादन में किसानों का समर्थन करने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेलमंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने साथ ही भागीदारी को व्यापक बनाने, विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने, खिलाड़ियों के लिए वित्तीय सहायता और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए क्षमता निर्माण पर चर्चा की।

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के हर जिले में युवा प्रतिभाओं की खोज के लिए तीव्र प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्यपाल ने खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, आधुनिक उपकरणों और सहायता प्रणालियों का भी आह्वान किया। इस बीच, केंद्रीयमंत्री ने युवा एवरेस्टर कबाक यानो को खेल मंत्रालय के माध्यम से आवश्यक वस्तु प्रदान करने और राज्य में एक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने खेल गतिविधियों के लिए कोचों एवं डॉक्टरों की आवश्यकता पर भी बल दिया।

00000000000000000000

स्वच्छता ही सेवा 2024 के चल रहे कार्यक्रम के तीसरे दिन, लोअर सियांग जिले में जिला प्रशासन के साथ पी एच ई एंड डब्ल्यू एस, यूडी और आवास विभाग द्वारा लिकाबली में सिजी नदी पर एक सामूहिक सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में छात्र, आम लोग, एनजीओ और अन्य हितधारक ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और जल्द ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान जारी रहेगा। कल अपर सियांग जिले के जेंगिंग में भी स्वच्छता ही सेवा 2024 मनाया गया।

00000000000000000000

बूधवार को ईटानगर के सिविल सचिवालय में ECHO इंडिया मॉडल प्रशिक्षण को अपनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के लिए हब एंड स्पोक ऑनलाइन मॉडल पर 'All Teach All Learn & Moving Knowledge Not People' के आदर्श वाक्य के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्त पवन कुमार सैन ने की। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य विभाग ने क्षमता निर्माण के लिए ECHO मॉडल को अपनाने को मंजूरी दी और डॉ. ताना नातुंग को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया। इस बीच, राज्य के अपने तीन दिवसीय दौरे पर आई ECHO इंडिया टीम ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के साथ मिलकर इस महीने की 16 तारीख को "बाल मृत्यु समीक्षा - सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां" पर एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है, जिसका लक्ष्य चार हजार चार सौ पांच आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है।

0000000000000000000

आज विभिन्न जिलों में सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम, चलाया गया। ईटानगर नगर निगम (IMC) ने आज इटाफोर्ट में वृक्षारोपण अभियान चलाया साथ ही इटाफोर्ट के आस-पास की सफाई भी की। दापोरिजो में, मंत्री न्यातो दुकम और विधायक तान्या सोकी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान चलाया।

इसी तरह दुमपोरिजो में, विधायक रोदे बुई ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरकारी माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण किया। अपर सियांग जिला प्रशासन द्वारा यिंगकियोंग में भी वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

0000000000000000000000

एसपी ट्रैफिक सेपराज परमे ने यातायात से संबंधित मुद्दों का सीधे आकलन करने के लिए ईटानगर नगर निगम (आईएमसी) के वार्ड नंबर सात का दौरा कर यातायात सलाह आदेश जारी किया। इस यात्रा का उद्देश्य ट्राफिक संबंधी जानकारी इकट्ठा करना और भीड़भाड़ को कम करने साथ ही पैदल यात्रियों और मोटर चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीति विकसित करना था। आईएमसी वार्ड नंबर सात के तहत डी सेक्टर, आरडब्ल्यूडी कॉलोनी, ईएसएस सेक्टर और आईजी पार्क कॉलोनी (डीके कन्वेंशन सेंटर से साइंस पार्क) के निवासियों को सड़क पर एक तरफ पार्किंग, नो पार्किंग बैनर का पालन करने, सेक्टर की सड़कों के किनारे रास्ते पर अतिक्रमण न करने, बाजार और पानी की टंकी वाले क्षेत्रों में पार्किंग न करने की सलाह जारी की गई।

0000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिले के होंग विलेज में कल महात्मा गांधी केंद्र (एमजीसी) में एक कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त और हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष रॉबिन हिबू ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भारत के भीतर और बाहर नौकरी योग्य बनाने के लिए प्रशिक्षित करेगा।

इसके पहले चरण में, इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर ट्रेडों में 24-24 प्रशिक्षुओं को मेधावी कौशल विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा नियुक्त योग्य मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इस बीच, कौशल विकास और उद्यमिता के सहायक निदेशक ग्याति काचो ने प्रशिक्षण केंद्र को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) पोर्टल पर प्रशिक्षुओं को पंजीकृत करने का सुझाव दिया ताकि प्रशिक्षुओं को 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' का लाभ मिल सके।

0000000000000000000000

निरजुली और कार्सिंगसा के बीच वियाडक्ट ब्रिज पर आज दोपहर एक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना दोनों मोटरसाइकिलों के आपस में टकराने के बाद हुई। इस बीच, घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

000000000000000000000